दैनिक जागरण 21/02/2025

# वेस्ट मेटीरियल से विद्यार्थियों ने सीखा सामान तैयार करना



जीएमएन कालेज के विद्यार्थी कार्यशाला में भाग लेते हुए। • सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्रबंधन विभाग और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल क्लब द्वारा रीइमेजिन, रीसायकल, रिवाइव- कचरे से अद्भुत सृजन विषय पर कार्यशाला का आयोजन पिडिलाइट इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया। शालिनी ने मोल्ड इट और कार्डबोर्ड की मदद से डोनट फोटोफ्रेम बनाना सिखाया।

अंग्रेजी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में विलियम शेक्सपियर के नाटक द मर्चेंट आफ वेनिस का चलचित्र प्रदर्शन किया। एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे शिविर के अंतर्गत लोगों के लिए मुफ्त आंख जांच शिविर का आयोजन किया। जीएमएन स्टार्टअप सेंटर की शुरुआत की गई।